"होली हमारी बहुरंगी सांस्कृतिक विरासत का एक पावन पर्व है" : लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 28 मार्च, 2021: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने होली की पूर्वसंध्या पर सभी देशवासियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"होली के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

होली हमारी बहुरंगी सांस्कृतिक विरासत का एक पावन पर्व है। यह हमारी संस्कृति की विशेषता है कि यहां त्योहारों के धार्मिक दृष्टिकोण के साथ-साथ एक सामाजिक दृष्टिकोण भी होता है। यही कारण है कि होली हमारे देश में धर्म, संप्रदाय, भाषा, क्षेत्र एवं जातिगत सीमाओं से परे एक सौहार्दपूर्ण एवं उल्लास पूर्ण वातावरण में मनाया जाता है।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कोरोना संकट को देखते हुए हम सबको पूरी सतर्कता और सावधानी भी बरतनी है। होली की खुशियां बांटते समय हम सभी को अपनी और दूसरों की स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखना है।

मैं इस अवसर पर सभी के कल्याण की कामना करता हूं। यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली लेकर आए, ईश्वर से मेरी यही प्रार्थना है।"